पर्व | गुंजन कला सदन, स्कूल-कॉलेज सहित कई सामाजिक संस्थाओं ने मनाया होली पर्व

# नवरंग और किन्नरों के होली नृत्यों से दर्शक मंत्रमुग्ध





**नवभारत,जबलपुर।** धर्म, वर्ग और राजनीतिक भेदभाव से परे, गुंजन कला सदन द्वारा आयोजित रसरंग महोत्सव शहीद स्मारक भवन में संपन्न हुआ। लोकगायक मिठाईलाल चक्रवर्ती के गीतों और नृत्य निर्देशक मोती शिवहरे के निर्देशन में विविध क्षेत्रों के होली नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। किन्नर नायक एवं पूर्व पार्षद हीरा बाई के मार्गदर्शन में किन्नरों की टोली ने आकर्षक परिधानों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। टोली में बबली, काजल, नेहा, राधिका, काजल नायक शामिल थे। ढोलक पर मास्टर अमित और कलीम ने संगत दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापक सांसद आशीष दुबे, संरक्षक अजय विश्नोई, विधायक रत्लेश सोनकर, सौरभ शर्मा, नित्यरंजन खम्परिया, विनय सक्सेना सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। अतिथि स्वागत में डॉ. रजनीश गर्ग, विजय जायसवाल, कमलेश रावत, डॉ. सत्येंद्र जैन, जादूगर एस.के. निगम, यशवंत सेंगर, राजेन्द्र टहनगुरिया, हरी भाई पटेल, आई.एस. राजपूत, डॉ. मितेश पटेल, दिनेश जैन




पैय्याजी शामिल रहे। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी की शुभकामनाओं का वाचन अभय जैन ने किया। संस्था का परिचय एवं संचालन प्रतुल श्रीवास्तव और राजेश पाठक 'प्रवीण' ने किया, जबकि आभार लायन नरेन्द्र जैन ने व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

महोत्सव में नगर गुंजन के अभिषेक अग्रवाल, नवनीत माहेश्वरी, विनय चौहान, संजय सिंघई, महेश, विजय पुरसवानी, अतुल विश्वकर्मा, विकास छत्रपति, डॉ. मुकेश जायसवाल, विकास पटेल, मयूर डेंगरा, राजेश भूरा, रमाकांत गौतम, सोमेश सराफ शामिल थे। युवा गुंजन से जी. पी. सिंह, राजेश गुप्ता, एस. बी. चौबे, अभय पचौरी, नितिन पांडे, निखिल तिवारी, कमलेश चढ़ार, मनीष जायसवाल, सारंग, संकल्प शिवहरे, समर ठाकुर, के. के. वर्मा, संतोष उपाध्याय 'महाराज', संतोष उपाध्याय, अरुण प्यासी शामिल थे। महिला प्रकोष्ठ की ओर से इंदिरा पाठक तिवारी, कौशल्या गौंटिया, भारती साहा, विमला श्रीवास्तव, रेखा सहाने, कमलेश यादव आदि उपस्थित थे।

### दुलदुल घोड़ी और बग्घी पर किया विशेष स्वागत

कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद स्मारक भवन के मुख्य द्वार पर सुरेश सराफ, लायन नरेन्द्र जैन, श्याम चौधरी, अभय जैन, संजय जैन 'कीपी', हिमांशु तिवारी, सुनील मंघरानी, राजीव गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, कौशल यादव, विक्रम परवार, विवेक सोनी, अखिल मदान, अभिजीत राय, हेमंत अरोरा ने दुलदुल घोड़ी और बग्घी पर बैठकर आमंत्रित अतिथियों एवं दर्शकों का स्वागत किया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य अजय विश्नोई, गौरीशंकर केसरवानी, डी.सी. जैन, रुद्रदत्त दुबे 'करुण', गुरवचन सिंह चौपरा, नरेन्द्र जैन एन.सी., लायन राजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मनोरमा तिवारी, डॉ. अनामिका तिवारी को गुंजन आजीवन उपलब्धि सम्मान से सम्मानित किया गया। किन्नर नायक एवं पूर्व पार्षद हीरा बाई को भी अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### वेब मेमोरियल स्कूल में नन्हें बच्चों ने खेली होली



सिविल लाइन स्थित वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गुलाल से होली खेली। प्राचार्य रूपा बैनर्जी ने बच्चों को होली का महत्व बताते हुए सुरक्षित और सादगीपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की सीख दी। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### विकलांग सेवा भारती में हर्बल गुलाल से होली



विकलांग सेवा भारती चेतना में मानसिक रूप से विशेष बच्चों ने हर्बल गुलाल से होली मनाई। निदेशक दीपांकर बैनर्जी ने होली के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य सचिन प्रजापति सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। बच्चों को पिचकारियां व मुखौटे वितरित किए गए तथा विधि-विधान से होलिका दहन किया गया।

### महर्षि विद्या मंदिर में होली महोत्सव



महर्षि आध्यात्मिक एवं जनजागरण अभियान के अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन में होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नीलेश कुमार पांडेय के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन से हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने होली पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। सरिता बिसेन ने हास्य कविता तथा डॉ. अल्पना श्रीवास्तव ने 'होली क्यों और कैसे मनाएं' विषय पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। संचालन नीलिमा घोष एवं शताक्षी सोनी ने किया।

### आदि शक्ति समूह ने खेली फूलों की होली



आदि शक्ति समूह समाज सेवा की महिलाओं ने ऊषा महाजन के नेतृत्व में फूलों की होली खेलकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम, सिख एवं ईसाई समाज की महिलाओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर साधना जा, पूनम प्रसाद, रेखा फ्रांसिस देवी, रानू यादव, मेहरूनिशा, मधु मसीह, सपना सहगल, लता रेखा रजक, सीमा मिश्रा, प्रज्ञा, मीना, राधिका, सुधा, निशा श्रीवास्तव सहित अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### नवपंख संस्था ने बच्चों संग मनाया होली महोत्सव



नवपंख सामाजिक विकास संस्था ने ग्वारीघाट स्थित नर्मदा गार्डन एवं जिल्हेरीघाट क्षेत्र में गरीब बाहुल्य क्षेत्रों के बच्चों के साथ होली महोत्सव मनाया। बच्चों को रंग, गुलाल, पिचकारी, टोपी व मुखौटे वितरित किए गए। आराधना साहू, कविता सराफ, रंजना पाटीदार ने होली को प्रेम और समानता का पर्व बताया। व्यवस्थाओं में रितु वासवानी, अजय साहू, अशोक कुमार, प्रीति नाग, अंशुल की सक्रिय भूमिका रही। डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव एवं समीर खरे ने सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल होली का संदेश दिया। आयोजन में बच्चों ने नृत्य, गीत के साथ उत्सव का आनंद लिया।



## 12वें रोजे पर अजीमुश्शान अफ्तार-ए-आम का आयोजन

**तेरहवां रोजा 3 मार्च मंगलवार**
**रोजा अफ्तार, 6:20 बजे**
**सहरी कल सुबह, 5:01 बजे**

**नवभारत,जबलपुर।** रमज़ान शरीफ के मुक़द्दस महीने की बरकतों के बीच हर साल की तरह इस वर्ष भी अब्दुल्ला उस्ताद अखाड़ा कमेटी की जानिब से 12वें रोज़े के मौके पर एक अज़ीमुश्शान अफ़्तार-ए-आम का भव्य आयोजन नया मोहल्ला स्थित कार्तिक होटल पुल के बाजू में बड़े पैमाने पर किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न इलाकों से आए सैकड़ों रोज़ेदारों, उलेमा-ए-किराम, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने बड़ी तादाद में शिरकत कर सामूहिक रूप से रोज़ा अफ़्तार किया। अफ़्तार-ए-आम का इंतज़ाम बेहद शानदार और व्यवस्थित रहा। रोज़ेदारों के लिए खजूर, फल, शरबत, पकवान और अन्य अफ़्तारी आइटम बड़े पैमाने पर तैयार किए गए थे। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया था, जिससे पूरे माहौल में रमज़ान की रूहानी फिज़ा महसूस की जा रही थी।

अफ़्तार की सरपरस्ती मुफ्ती आज़म मध्यप्रदेश डॉ. मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी ने फरमाई, जबकि विशेष शिरकत हज़रत अल्लामा मौलाना सैय्यद कौसर रब्बानी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई (महाराष्ट्र) से तशरीफ लाए सैय्यद शाह अफ़ज़ल अली कादरी चिश्ती नक्शबंदी बुरहानी ने रोज़े की फज़ीलत, इंसानियत, आपसी मोहब्बत और समाज में एकता की अहमियत पर रोशनी डाली।

### अफ्तार कार्यक्रम समाज में करते हैं एकता को मजबूत

अफ़्तार के बाद उलेमा-ए-किराम की मौजूदगी में मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक़्क़ी, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए खास दुआ की गई। रोज़ेदारों ने कमेटी के इस शानदार इंतज़ाम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सामूहिक अफ़्तार कार्यक्रम समाज में मोहब्बत और एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष हासिम अली बाबू सहित कासिम, नदीम, मुशाहिद, आरिफ बाबा, नसीम बाबू पठान, आमीन हसन चीना, सब्बू तनवीर, जिरवान खान रिज्जू और दिलशाद समेत अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## प्रमोद कुमार ने ग्रहण किया महाप्रबंधक का कार्यभार



**नवभारत, जबलपुर।** इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स (आईआरएसईई) वर्ष -1990 बैच की वरिष्ठ रेल अधिकारी प्रमोद कुमार खत्री ने रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार 28 फरवरी को सेवानिवृत हुई पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के स्थान पर रविवार 01 मार्च को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबन्धक का कार्यभार ग्रहण किया है। महाप्रबन्धक का कार्यभार ग्रहण करने से पहले श्री खत्री को अपर महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स जैसे महत्वपूर्ण पदों के कार्य का अनुभव प्राप्त है। साथ ही रेल परिचालन, प्लानिंग, डिजाइन और नियंत्रण, रख-रखाव, निर्माण और विभिन्न परियोजनाओं में समृद्ध अनुभव भी प्राप्त है। उन्होंने रेलवे के कामकाजी बुनियादी ढाँचे के विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल, आईटी आधुनिकीकरण, व्यवसाय विकास और सतर्कता, संरक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है। रेल सेवा के दौरान उनके कार्य और नेतृत्व को विभिन्न मंचों पर सराहा गया भी किया गया है।

### एक नजर में



#### हरे कृष्णा आश्रम से निकली 500वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा

**नवभारत, जबलपुर।** माघ पूर्णिमा पर हरे कृष्णा आश्रम में 500वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 21 जत्थों में निकाली गई। श्रद्धालु हाथों में गुलाल व पुष्प लेकर 'नर्मदे हर' का जयघोष करते हुए शामिल हुए। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर अग्रवाल, श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल, मीना पटेल, विनोद दिवान, दुर्गा पटेल, पप्पू चौबे, मनोज गुलाबवानी, गुड्डू नेता, विनोद विश्वकर्मा, शिवकुमार पटेल, सेवक राम दहिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



#### बड़ी महाकाली मंदिर में पूजन-अर्चन, महाआरती

**नवभारत,जबलपुर।** जन्मदिवस के अवसर पर विधायक लखन घनघोरिया एवं म.प्र. युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का नामदेव भवन, गढ़ाफाटक में भव्य स्वागत हुआ। नामदेव परिवार और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं एवं अभिनंदन से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों नेता बड़ी महाकाली मंदिर पहुँचे, जहाँ मथुरा-वृंदावन से पधारे पं. गोविंदाचार्य महाराज जी ने पूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं महाआरती कराई। विधायक घनघोरिया ने माता महाकाली का आशीर्वाद ग्रहण कर प्रदेश और नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद नामदेव भवन में जन्मोत्सव समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकुमार गुप्ता, झल्लेलाल जैन, पीयूष सोन, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद हर्षित यादव, केंट पार्षद अमर चंद वावरिया, सुरेन्द्र यादव, रमेश यादव, पूर्व पार्षद पंकज पांडे समेत नामदेव परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

#### ओपन कैम्पस में हुआ 20 छात्रों का चयन



**नवभारत, जबलपुर।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में बी.टेक., पॉलीटेक्निक डिप्लोमा एवं एम.बी.ए. के छात्रों हेतु हेतु टचटोन प्रा. लिमि. द्वारा ओपन कैम्पस का आयोजन किया गया। छात्रों ने प्लेसमेन्ट वार्ता, एप्टीट्यूड टेस्ट, लिखित परीक्षा दी तथा उत्तीर्ण छात्रों का साइकोमैट्रिक टेस्ट तया फाइनल साक्षात्कार होने के पश्चात 20 छात्रों का चयन हुआ, जिनका जॉब लोकेशन जबलपुर होगा। टचटोन प्रा. लिमि. के एच. आर. श्री हर्ष चौरसिया ने बताया कि सभी चयनित छात्रों को ट्रेनी के पद पर नियुक्ति दी जायेगी। चयनित छात्रों को संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया, सचिव शरद कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई. के. खन्ना, प्राचार्य डॉ. बी. के. साहू ने बधाई दी। कैम्पस को सफल बनाने में टीपीओ डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरबानी कौर पदम, प्रो. पलक पैगवार का विशेष योगदान रहा।

## श्रद्धांजलि सभा में क्षुल्लकश्री को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**नवभारत,जबलपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर सभाभवन (लाखाभवन) में क्षुल्लकश्री 105 तत्त्वार्थसागर जी के महाप्राण पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता बालब्रह्मचारिणी पिंकी दीदी जी ने अपने अनुभव साझा किए कि कैसे आचार्यश्री विद्यासागर जी के आशीर्वाद से उन्होंने 2007 से 2021 तक आध्यात्मिक जीवन में उन्नति की और दयोदय तीर्थ, तिलवारा घाट में क्षुल्लक दीक्षा प्राप्त की। बालब्रह्मचारिणी जी ने आगे बताया कि 2024 में नेमावर की ओर विहार करते हुए अन्य शहरों में आचार्यश्री के मार्गदर्शन का पालन किया। इसी क्रम में 20 फरवरी 2026 को महाराष्ट्र के जलगाँव के पास समाधि पूर्वक संलेखना संपन्न हुई। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा, दयोदय तीर्थ महिला परिषद एवं सकल जैन समाज के पदाधिकारी तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस मौके पर कैलाश चंद जैन, जितेन्द्र जैन, अनुराग गढ़वाल, पंडित रोहित दुबे, राजेश जैन, संदीप अग्रवाल, युवराज गढ़वाल, चक्रेश मोदी, अशोक जैन, अनिल गुड्डा, सुजीत भाऊ, अखिलेश जैन, कालू, नितिन और महिला परिषद की सदस्यगण उपस्थित थे।




## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की अनंतिम चयन सूची जारी

**नवभारत,जबलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्रमांक-2 के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए अभ्यर्थियों की अनंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन एमपी ऑनलाईन चयन पोर्टल पर किया जा सकता है तथा सात दिन के भीतर इसी पोर्टल पर आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती है।

# ऐश्वर्या को कलेक्टर ने किया सम्मानित



▶ छात्रा ने इंडिया स्किल्स में जीता क्षेत्रीय स्वर्ण पदक

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की कंप्यूटर साइंस छात्रा ऐश्वर्या विश्वकर्मा ने गांधी नगर, गुजरात में आयोजित इंडिया स्किल रीजनल कॉम्पटीशन (वेस्टर्न रीजन) में मैडेलियन फॉर एक्सीलेंस अवॉर्ड जीतकर जबलपुर और मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया। राज्य स्तर पर सफलता पाने के बाद ऐश्वर्या ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया और क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस सफलता पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने ऐश्वर्या को प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया।

### ऐसी रही प्रतियोगिता की यात्रा

जिला स्तर से शुरू हुई प्रतियोगिता में चयनित होने के बाद ऐश्वर्या ने भोपाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। यहाँ उसे 'स्मार्ट सिटी' विषय पर एक वेब एप्लीकेशन तैयार करने का कार्य दिया गया। निर्धारित समय में उसने स्थानीय पर्यटन स्थलों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों की जानकारी सहित एक कार्यशील एप्लीकेशन तैयार किया। ऐश्वर्या ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक पदक नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है। उसका लक्ष्य ऐसे सॉफ्टवेयर समाधान विकसित करना है, जो समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर सकें। न्यू रामनगर, अधारताल निवासी ऐश्वर्या ने स्कूल की शिक्षा वाणिज्य संकाय से पूरी की, लेकिन प्रोग्रामिंग में रुचि को देखते हुए उसने पॉलिटेक्निक में प्रवेश लिया।

सेवानिवृत्त | 1996 को भारतीय सेना में हुए भर्ती, तीन दशकों की दी शानदार सेवा

# परमवीर चक्र विजेता ऑनरेरी कैप्टन संजय कुमार हुए रिटायर





**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, जबलपुर ने अपने सबसे बहादुर सैनिकों में से एक, ऑनरेरी कैप्टन (सूबेदार मेजर) संजय कुमार, परम वीर चक्र को प्यार और सम्मान के साथ विदाई दी, जो भारतीय सेना में लगभग 30 साल की शानदार सेवा पूरी करने के बाद रिटायर हुए। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के कलोल बकैन गांव के रहने वाले सूबेदार मेजर संजय कुमार 26 जून 1996 को भारतीय सेना में भर्ती हुए। जबलपुर स्थित जम्मू और कश्मीर राइफल रेजिमेंटल सेंटर, जबलपुर में अपनी कड़ी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद, वे 13वीं बटालियन, द जम्मू और कश्मीर राइफल्स में शामिल हो गए। कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के दौरान, उन्होंने सैन्य इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। 4 जुलाई 1999 को, मुश्कोह घाटी में पॉइंट 4875 (फ्लैट टॉप) पर एक युवा राइफलमैन और हमलावर सैन्य टुकड़ी के लीडिंग स्काउट के तौर पर, उन्होंने अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन किया। अपने रिटायरमेंट के मौके पर, ऑनरेरी कैप्टन संजय कुमार ने कहा, 'भारतीय सेना और देश की सेवा करना मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। परमवीर चक्र मेरी यूनिट, मेरी रेजिमेंट और हर उस सैनिक का है जो हमारी सीमाओं पर पहरा देता है। जम्मू और कश्मीर राइफल रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर राकेश शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना सदैव उनके योगदान का सम्मान करेंगे। जम्मू और कश्मीर राइफल रेजिमेंटल सेंटर में एक सेरेमोनियल विदाई का आयोजन किया गया, जहाँ उन्हें पूरा सैन्य सम्मान दिया गया, और जबलपुर शहर ने अपने हीरो को विदाई दी।

### दो गोलियां लगने के बावजूद पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया

दो गोलियां लगने के बावजूद - एक सीने में और एक बांह में, उन्होंने अकेले ही दुश्मन के बंकर पर हमला किया, आमने-सामने की लड़ाई में तीन पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया, उनकी मशीन गन पर कब्ज़ा कर लिया और उसका इस्तेमाल दुश्मन के दूसरे ठिकाने को तबाह करने के लिए किया। बहुत ज़्यादा खून बहने के बावजूद, उन्होंने वापिस आने से मना कर दिया और अपने साथियों को तब तक हिम्मत देते रहे जब तक कि लक्ष्य प्राप्त नहीं हो गया। उनके इस अदम्य साहस और बहादुरी के लिए, उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा देश के सबसे बड़े युद्धकालीन बहादुरी पुरस्कार, 'परमवीर चक्र' से सम्मानित किया गया। सैन्य ड्यूटी के प्रति उनकी लगातार लगन को देखते हुए, उन्हें 26 जनवरी 2026 को ऑनरेरी कैप्टन के पद पर प्रमोट किया गया।

## तीन दिनों में 60 श्वानों का कराया बधियाकरण-टीकाकरण

▶ **नगर निगम के श्वान नसबंदी अभियान में तेजी : निगमायुक्त**



**नवभारत,जबलपुर।** शहर की सड़कों और रिहायशी इलाकों को सुरक्षित बनाने के साथ-साथ बेजुबान श्वानों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जबलपुर नगर निगम ने ठोस निर्णय लिया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर पिछले तीन दिनों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 60 श्वानों को पकड़कर सफल बधियाकरण और टीकाकरण सुनिश्चित किया गया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि टीकाकरण एवं बधियाकरण अभियान में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को और बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुदवारी, विजय नगर, गोरखपुर और सुहागी जैसे प्रमुख रिहायशी इलाकों सहित एक दर्जन से अधिक वार्डों में सघन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। कठौंदा स्थित अत्याधुनिक केंद्र में विशेषज्ञों द्वारा सुरक्षित सर्जरी की गई, जिसमें नर और मादा दोनों श्वानों का उपचार शामिल रहा। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से न केवल श्वानों की बढ़ती आबादी पर लगाम लगेगी, बल्कि उनके व्यवहार में आक्रामकता भी कम होगी, जिससे राहगीर और बच्चे सुरक्षित महसूस करेंगे।